JALAUN POLICE

दिनांक- 22.12.2025

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में थाना रामपुरा साइबर टीम द्वारा शिशु डिलीवरी के पैसों का भुगतान का झाँसा देकर फ्रॉड हुई 9,835/- रुपये सम्पूर्ण धनराशि वापस कराकर पीड़ित के चेहरे पर लौटाई मुस्कान।**

आज दिनांक 22.12.2025 को आवेदक ईशेन्द्र सिंह पुत्र रामनरायन नि0 ग्राम निनावली जागीर थाना रामपुरा जनपद जालौन के साथ शिशु डिलीवरी के पैसों का भुगतान का झाँसा देकर 9,835/- रुपये की ऑनलाइन साइबर ठगी होने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ था।

जनपद जालौन साइबर टीम द्वारा जनपद में ऑनलाइन धोखाधड़ी व साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना रामपुरा साइबर पुलिस टीम द्वारा आवेदक द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए आवेदक उपरोक्त की सम्पूर्ण धनराशि 9,835/- रुपये 02 घण्टे के भीतर वापस कराने में सफलता प्राप्त की।

अतः आवेदक की फ्रॉड हुई धनराशि आवेदक के खाते में वापस होने पर आवेदक द्वारा श्रीमान पुलिस अधीक्षक व थाना रामपुरा साइबर टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

**बरामदगी का विवरण:-**

| क्र0 सं0 | नाम, पता वादी | फ्रॉड हुई धनराशि | वापसी धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | ईशेन्द्र सिंह पुत्र रामनरायन नि0 ग्राम निनावली जागीर | 9,835/- रूपये | 9,835/- रूपये |

**कुल बरामद धनराशि- 9,835 /- रूपये (नौ हजार आठ सौ पैंतीस रूपये )**

**बरामद करने वाली टीम** –

1. प्रभारी निरीक्षक थाना रामपुरा मय थाना रामपुरा साइबर टीम।

**-: ऑनलाइन / साइबर फ्रॉड हेतु:-**

**टोलफ्री नम्बर 1930/112**

Email- cybercrime.jl-up@gov.in
मोबाइलनम्बर:- 7839860021